खबर संक्षेप

बलाई नदी के पास बड़ी माई धाम में अखंड रामधुन का आयोजन किया गया

नारायणगंज। जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरी के पास बलाई नदी के किनारे वट वृक्ष के नीचे बड़ी माई मंदिर जो की प्रसिद्ध मंदिर इस क्षेत्र का है जहां पर लोगों की मनोकामना पूर्ण होती हैं हर त्योहार में यहां पर भीड़ लगी रहती है महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर यहां पर 24 घंटे की रामधुन का आयोजन किया गया जिस पर सभी ने आकर धर्म लाभ लिए इसके बाद लोगों के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिस पर आसपास के क्षेत्र वासियों ने आकर प्रसाद ग्रहण किया इसी तरह बड चौराहा मैं शंकर जी के मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जोकि 27 तारीख को समाप्त हो कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया लगातार कई वर्षों से यह परम्परा चली आ रही है मोहल्ला के नवयुवक के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें पूरे आसपास की श्रद्धालु आते हैं और प्रसाद ग्रहण करते है।

15 दिवस में कर सकते हैं आवंटित भूमि के संबंध में दावा/आपत्ति

मण्डला। न्यायालय तहसीलदार मंडला से मिली जानकारी के अनुसार सेनानी 35वी वाहिनी विसबल ग्वारा मंडला द्वारा अतिरिक्त कार्य हेतु ग्राम खैरी पटवारी हल्का नंबर 64 में चिन्हित भूमि की माँग कलेक्टर न्यायालय से की गई है। खसरा क्रमांक 362, रकबा एक एकड़ भूमि की मांग का आवेदन न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार मंडला को जांच प्रतिवेदन हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त भूखंड के विषय में किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति 15 दिवस के भीतर न्यायालय तहसीलदार मंडला में पेश की जा सकती है।

1 मार्च 2025 से माइक्रो बीट प्रणाली के प्रथम चरण का क्रियान्वयन

नशे के अवैध कारोबार पर लगेगी रोक

*** छोटे क्षेत्र की भी उपलब्ध होगी जानकारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अब जिले में किस गांव कूचे एवं नगर के किस मौहल्ले एवं किस गली में अवैध कारोबार किये जा रहे हैं इसकी जानकारी सीधे पुलिस को होने वाली है पुलिस अब एक नई प्रक्रिया के तहत काम करने वाली है जिसके अनुसार पुलिस के कर्मचारी उन छोटे-छोटे स्थानों में घटने वाले अपराधों के प्रति जिम्मेदार होंगे या यूं कहें कि उसे छोटे क्षेत्र की पूरी बायोग्राफी से ये पुलिस के कर्मी परिचित होंगे और लगातार अपने उच्चाधिकारियों को इसके बारे में रिपोर्ट करते रहेंगे अब प्रतिबंध के बावजूद गली कूचे में शराब बेचना या भण्डारण करना, अवैध रूप से जुआं के फड़ चलाना, सूखें नशे का कारोबार करना संभव नहीं होगा।

अपराधों की विवेचना एवं रोकथाम पुलिस का मूलभूत दायित्व है। पुलिस व्यवस्था को जनोन्मुखी बनाने, अपराधों पर अंकुश लगाने, अपराधियों की ट्रैकिंग, सामुदायिक पुलिसिंग एवं बीट में निवासरत अपराधियों पर अंकुश रखने के दृष्टिकोण से बीट व्यवस्था को सुदृढ़ व प्रभावी क्रियान्वयन करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार पुरे मध्यप्रदेश में 01 मार्च 2025 से माईक्रो बीट प्रणाली लागू होगी। बीट व्यवस्था और उसकी आवश्यकता पुलिस कार्यप्रणाली का प्रमुख हिस्सा एवं अपराध नियंत्रण व विवेचना का मूलभूत आधार रहा हैं। समय के साथ साथ काम करने के तरीके एवं पुलिस के कार्यों दृष्टिगत थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक छोटी-छोटी जानकारी को एकत्रित करना आदि तथ्यों को ध्यान में रखकर बीट कार्यों को चरणवार रुप से विभाजित कर क्रियान्वयन प्रारंभ करना तय किया गया है।

माईक्रो बीट व्यवस्था अंतर्गत बीट के अंदर माइक्रो बीट बनाये गये है। जिसमें प्रत्येक आरक्षक/प्रधान आरक्षक के पास निश्चित गाँव एवं मोहल्ला को नामांकित किया गया हैं। जिससे उस क्षेत्र विशेष से संबंधित अपराध/अपराधियों की सम्पूर्ण जानकारी, उस निर्धारित आरक्षक / प्रधान आरक्षक के पास हो। थाने के सम्पूर्ण क्षेत्र को बीटो में एवं प्रत्येक बीट को विभिन्न 'माइक्रो बीट' में बांटा गया तथा माइक्रो बीट में थाने से प्रत्येक आरक्षक /प्रधान आरक्षक का वितरण किया गया हैं, थाने के प्रधान आरक्षक लेखक एवं मालखाना मोहर्रिर को छोड़कर थाने के प्रत्येक कर्मचारी को गाँव/मोहल्ला आवंटित किया गयें हैं जो 'माइक्रो बीट का कार्य करेंगे एवं थाना पर पदस्थ बल का सर्वाधिक एवं सर्वोत्तम उपयोग हो सकेगा।

दिनांक 01 मार्च 2025 में बीट व्यवस्था के क्रियान्वयन के प्रथण चरण में 'माइक्रो बीट' अधिकारी हेतु ऑब्जरवेशन/इन्फॉर्मेशन बुक बनाया गया जिसमें पुलिस कर्मचारी 'माइक्रो बीट' में निवासरत सभी निगरानी बदमाश, गुण्डा बदमाश, संदिग्ध, संपत्ति संबंधी सजायाब, फरारी बदमाश एवं आदतन अपराधियों की जानकारी दर्ज कर इनकी चैकिंग करेंगे। बीट में भ्रमण के दौरान ही संबंधित आरक्षक/प्रधान आरक्षक 'माइक्रो बीट' में लगे सीसी कैमरो की जानकारी भी एकत्रित करेगा, उक्त कैमरो का कवरेज मुख्य रोड पर कहां से कहां तक है, कैमरा किस स्थान पर लगा है एवं किसके नियंत्रण में है, सबंधित का मोबाईल नंबर भी इनफार्मेशन नोट बुक में लिखा जायेगा। संदिग्ध व्यक्तियों घुमक्कड़ जातियों मुसाफिरों की जानकारी के साथ-साथ ऑब्जर्वेशन बुक में क्षेत्र में मिलने वाली गोपनीय सूचनाओं के बारे में जानकारी दर्ज की जायेगी। जो की तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को बताई जायेगी। नई बीट प्रणाली में प्रत्येक बीट प्रभारी उनकी बीट में विभाजित 'माइक्रो बीट' और उससे संबंधित कार्यों का पर्यवेक्षण करेंगे एवं थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में प्रभावी 'माइक्रो बीट' व्यवस्था का जमीनी क्रियान्वयन करेंगे। जल्द ही 'माइक्रो बीट' के कर्मचारी इस इन्फॉरमेशन/ऑब्जरवेशन मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से रखना प्रारंभ किया जावेगा ताकि एकत्रित जानकारी और उसका प्रयोग सभी पुलिस अधिकारियों की पहुँच में हो। बीट के कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे कार्य की मॉनीटरिंग प्रति सप्ताह थाना प्रभारी, प्रत्येक पक्ष में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं प्रति माह पुलिस अधीक्षक द्वारा किया जावेगा।

एसपी ने महाराजपुर थाने का भ्रमण कर किया निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा थाना महाराजपुर का भ्रमण कर बीट प्रणाली के सफल क्रियान्वयन हेतु ₹माईक्रोबीट पुस्तिका₹ देकर उसमें दर्ज की जाने वाली जानकारी तथा माईक्रोबीट अधिकारी, बीट प्रभारी के दायित्वों के बारें बतातें हुए थाना प्रभारी से उनकी तैयारी के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। बता दे मंडला पुलिस द्वारा समस्त थानों बीट बनायें गये है, जिनके अंतर्गत 305 माईक्रोबीट रखे गयें हैं।

सम्पूर्ण नगर में शिव जी की महाशिवरात्रि का पर्व भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

सम्पूर्ण नगर में भगवान भोले नाथ का महा पर्व महाशिवरात्रि पूरे नगर में भक्ति भाव धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर राम मंदिर शिवालय सहित घर घर महादेव, हर हर महादेव से पूरा नगर झूम उठा, सुबह से लेकर शाम तक शाम से लेकर पूरी रात्रि महादेव का नाम गूंजता रहा, अनेक स्थानों पर मंदिर शिवालय में रामधुन चलती रही। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर भूआ के वत वृछ के नीचे विराजन मान प्राचीन शिव मंदिर में अखंड रामायण पाठ चल रहा राममंदिर के शिव दरबार में भजन कीर्तन चलते रहे, वही अनेक स्थानों पर अखण्ड श्रीराम धुन चल रही है जंतीपुर श्री हनुमान मंदिर में गोपाल जोगी परिवार द्वारा शिव महापुराण के बाद रामधुन दिन रात चली रेस्टहाउस श्री शिव मंदिर में स्थानीय भक्तों द्वारा श्रीराम धुन आयोजन किया गया और समापन के बाद भंडारा प्रसाद वितरण किया गया सरगम कालोनी में सेवानिवृत्त शिक्षक कुंजी लाल झरिया श्रीमती रत्न प्रभा झरिया के निवास में आयोजित कार्यक्रम इस तरह पूरा नगर 2 दिवस भक्ति भाव में डूबा रहा अनेक परिवारों में मिट्टी के शिवलिंग निर्माण कर विधि विधान से पूजा की गई और शाम को उनका भक्ति भाव से विसर्जन किया गया। सभी जगह समापन के साथ विशाल भंडारा श्रृद्धालुओं प्रसाद गृहण किया, महाशिवरात्रि पर्व दानीटोला तिराहे पर स्टाल लगा कर युवा शक्ति, भुआ के तत्वाधान में महाशिवरात्रि पर्व पर खीर प्रसादी वितरण किया गया कार्यक्रम में रत्नेश यादव विवेक पांडे निहाल पिपरसनिया ओर साथी ने सभी को प्रसाद वितरण किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत डीलवारा जनपद पंचायत बिछिया, जिला-मण्डला (म.प्र.)

क्रमांक/ग्रा.पं./Q/2025 — **निविदा प्रकाशन** — दिनांक 22/02/2025

अवगत किया जाता है। कि ग्राम पंचायत डीलवारा निर्माण एजेन्सी के माध्यम से जनपद पंचायत बिछिया की "सभा कक्ष" का निर्माण किया जाना है। जिस हेतु आवश्यक निर्माण सामाग्री, लोहा- 8mm,10 mm, 12mm, 16mm, रेत, सीमेन्ट, गिट्टी-10mm, 20mm, 40mm, मिक्सर मशीन, पानी टेंकर, बाईब्रेटर, सेंटिग व अन्य सामाग्री की आवश्यकता है। इच्छुक सप्लायर 05/03/2025 तक बंद लिफाफे में अपना निविदा आमंत्रण शाम 05 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत डीलवारा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

नोट- GST बिल धारक ही मान्य होगा

सचिव, ग्राम पंचायत डीलवारा, वि.ख. बिछिया, जिला- मण्डला, मो.नं.-7999931544

सरपंच, ग्राम पंचायत डीलवारा, वि.ख. बिछिया, जिला- मण्डला, मो.नं.- 8319340189

महाशिवरात्रि पर जगह-जगह भव्य कार्यक्रम

नारायणगंज। महाशिवरात्रि के अवसर पर राधा कृष्ण कुटी बड चौराहा नारायणगंज एवं बस स्टैंड नारायणगंज हनुमान मंदिर चौराहा एवं आसपास के सभी देव स्थल पर भगवान शंकर की शोभायात्रा एवं कई कार्यक्रम अखंड रामायण जो की सुबह से 24 घंटे के लिए हो रही है वह 27 फरवरी को समाप्त हो जाएगी जिस पर बड चौराहा नारायणगंज में विशाल भंडारी का आयोजन किया गया है इसी प्रकार महाशिवरात्रि के अवसर पर नारायणगंज बस स्टैंड पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है बड़ी माई मंदिर में रामधुन का आयोजन 25 फरवरी से चालू हुआ था जो की 26 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन समापन हुआ जिस पर सभी धर्म लाभ का आनंद लिया एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।

भ्रष्टाचार | **शिक्षा विभाग के भ्रष्टाचार का विधानसभा में गूंजा मामला।**

एपीसी की तानाशाही से प्रताड़ित वार्डन



क्रमांक/शिकायत/2024/652 — कार्यालय कलेक्टर, मण्डला — मण्डला, दिनांक 02/12/2024

प्रति,
जिला स्त्रोत समन्वयक,
जिला शिक्षा केन्द्र मण्डला

विषय– ए.पी.सी. शेषमणि गौतम प्रभारी की शिकायत के संबंध में।

—00—

विषयांतर्गत शेषमणि गौतम प्रभारी बालिका शिक्षा के द्वारा छात्रावास में किए जा रहे भ्रष्टाचार के संबंध में समस्त छात्रावासों के अधीक्षक को दिनांक 05.12.2024 को समय 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में विगत 02 वर्ष के संपूर्ण व्यय रिकार्ड, बिल वाउचर सहित उपस्थित कराना सुनिश्चित करें।

सहायक कलेक्टर, मण्डला

पृ.क्रमांक/शिकायत/2024/652-A — मण्डला, दिनांक 02/12/2024

प्रतिलिपि–
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मण्डला की ओर सूचनार्थ।

सहायक कलेक्टर, मण्डला



MP Vidhan Sabha

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय

प्रश्न

उत्तर भेजने का अंतिम दिनांक : 04/03/2025

सदन में उत्तर देने का दिनांक : 13/03/2025

विभाग का नाम : स्कूल शिक्षा

विषय : शिकायतों एवं अनियमितता की जाँच।

(तारांकित प्रश्न क्रमांक : 1252) श्रीनारायण सिंह पट्टा

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि - [illegible]

*** 04 मार्च को मांगा गया जबाव, जांच के नाम पर आरोपी को बचाने का प्रयास।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले का शिक्षा विभाग अपनी करतूतों को लेकर लगातार सुर्खियों में बना रहा है अब एक नया मामला प्रकाश में आया है जिस पर जिले से लेकर राजधानी तक चर्चा हो रही है यहां तक कि बिछिया विधायक नारायण पट्‌टा द्वारा विधानसभा में इस पर जानकारी भी मांगी गई है और 04 मार्च को इस विषय पर शिक्षा मंत्री विधानसभा में जबाव देने वाले हैं।

क्या है मामला

शिकायतकर्ता बिशन सिंह मरावी द्वारा एपीसी शेषमणी गौतम के द्वारा वार्डनों को प्रताड़ित करने खरीददारी अपनी चहेती फर्म से करने, भुगतान वार्डनों से कराना जैसे कई विषय हैं जिनको लेकर शिकायत की गई थी इस शिकायत के आधार पर राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा जिला स्तर पर जांच दल गठित कर जांच कराने के निर्देश दिये गये।

लेकिन जिले में तो कुछ और ही खेल चलता आया है जांचकर्ताओं ने आरोपी की सहुलियत के अनुसार उन वार्डनों के बयान लिये जो कि अधिकांश नई वार्डन थीं जबकि जिस कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार हुआ या नियमों की अनदेखी की गई और इन कृत्यों से जो वार्डन प्रताड़ित रहीं जांच दल ने उनके बयान लिये ही नहीं और जब जांच एकतरफा आरोपी के पक्ष में जाती नजर आई तो फिर शिकायतकर्ता ने विधायक बिछिया को इस पूरे मामले से परिचित कराया जिस पर विधायक ने शिक्षा मंत्री के माध्यम से यह जानकारी मांगी कि जांच दल द्वारा जो जांच कराई गई है उसका प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाये, क्या जांच में पूर्व वार्डनों को बुलाया गया था यदि नहीं तो क्या पुनः पूर्व वार्डनों के कथन लिये जायेंगे, जांच के दौरान क्या एपीसी को प्रभार से अलग किया गया था यदि नहीं तो फिर क्या इनके प्रभार में रहते वार्डनों द्वारा निर्भय होकर बयान दिये गये होंगे।

वर्ष 2024-25 में जिले के सभी छात्रावासों में मद परिवर्तन करवाये बिना बगैर टेण्डर प्रक्रिया के स्वेटर, ट्रेकशूट, नाईटशूट आदि खरीदी एपीसी द्वारा अधीक्षकों पर दबाव डालकर एक फर्म से करवाई गई क्या इसकी भी जांच की गई।

और तो और बीजाडांडी स्थित एक फर्म से पूरे जिले के छात्रावासों में स्टेशनरी की सप्लाई करवाई गई अब आप कल्पना कर सकते हैं कि बीजाडांडी की फर्म सफर स्टेशनरी से मवई जैसे दूर वनांचल में भी स्टेशनरी सप्लाई की गई। जबकि बीजाडांडी से मवई जाने का रास्ता मण्डला मुख्यालय से होकर ही जाता है और मण्डला में भुआबिछिया में यहां तक की मवई में भी स्टेशनरी की और भी फर्में हैं इन सबसे खरीददारी न कर छात्रावासों में लगभग 160 किलोमीटर की दूरी से स्टेशनरी लेने का क्या औचित्य। क्या यह स्वमेव यह सिद्ध नहीं करता कि सिर्फ और सिर्फ कमीशन खाने के चक्कर में वार्डनों को ऐसा करने एपीसी द्वारा मजबूर किया गया। इस तरह के सभी बिलों की छायाप्रति विधानसभा में प्रस्तुत करने की मांग की गई है। देखना होगा कि अब जिले में गठित जांच दल क्या पुनः दूसरी जांच करेगा अथवा उसी जांच की लीपापोती हो जायेगी।

खबर संक्षेप

क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर हाई स्कूल परीक्षा का हुआ शुभारंभ, हिंदी विषय क़े प्रश्न पत्र देकर खुशी के साथ वापिस हुये छात्र छात्रायें

गाडरवारा। शिवजी की आराधना का महापर्व शिवरात्री समाप्त होने के दूसरे दिवस यानि की गुरुवार से माध्यमिक शिक्षा मंडल कक्षा 10 वीं की वार्षिक परीक्षा हिंदी विषय क़े प्रश्न पत्र से क्षेत्र क़े परीक्षा केंद्रों पर शुभारंभ हुई। ज्ञात हो कि जिले की कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में शुरू हुई इस परीक्षा मे गुरूवार को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक की पाली मे छात्र छात्राओं ने परचा हल किया। परीक्षा शुरू होने क़े पूर्व अपने अपने क्षेत्र के निधारित पुलिस थानो से कलेक्टर प्रतिनिधियों की मौजूदगी मे सील बंद प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्रों तक लाया गया जिन्हे सीधे परीक्षा केंद्रों क़े कमरों मे पेपर शुरू होने क़े 5 मिनिट पूर्व पर्यवेक्षको ने छात्र छात्राओ को वितरित किया। इस तरह गुरुवार को परीक्षा क़े पहले दिन नगर क़े परीक्षा केंद्रों बीटीआई स्कूल, कन्या नवीन, कन्या शाला एवं आदर्श उ मा विद्यालय मे सुबह से ही नगर एवं आस पास के ग्रामीण अंचलों के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के परीक्षार्थी एकत्रित होना शुरू हो गए थे। उल्लेखनीय हैं कि पेपर क़े लिए छात्र छात्राओं को सुबह 8:30 बजे परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने क़े निर्देश दिए गये थे। शुरुआती दिन परीक्षा केंद्रों पर केंद्र अध्यक्ष सहित शिक्षकों ने परीक्षा से जुड़े सभी मौजूद परीक्षार्थियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। वही हाईस्कूल परीक्षा क़े पहले दिन बीईओ प्रतुल इंदुरख्या, बीआरसी संदीप स्थापक एवं उनके उड़नदस्ते ने नगर क़े परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी एवं आवश्यक निर्देश दिए। उक्त परीक्षा हेतु क्षेत्र साईंखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक क़े ग्रामीण क्षेत्रो मे भी केंद्र बनाये गए हैं। परीक्षा की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए जिला व विकास खंड स्तरीय निरीक्षण दल तैयार किए गए हैं। परीक्षा क़े पहले दिन कन्या शाला गाडरवारा से परीक्षा देकर निकल रहे छात्र सुनील केवट ने बताया कि हिंदी का परचा सरल था । परचे मे सामान्य प्रश्न आये थे। उल्लेखनीय हैं कि इस परीक्षा मे छात्र छात्राओं को उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न ओएमआर सीट पर रोल नंबर सहित अन्य जानकारियां अंकित करना पड़ रही हैं।

शिवरात्रि के अवसर पर सांईखेड़ा पूर्णरूप सें शिव आराधना में डूबा रहा

सांईखेड़ा। जिस प्रकार से भगवान भोले नाथ का प्रमुख दिन माने जाने वाले शिवरात्रि का पर्व संपूर्ण क्षेत्र में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी प्रकार से दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में भी शिव भक्तों द्वारा महाशिवरात्रि के मौके पर शिव मंदिरों में अनेक प्रकार के अनुष्ठान किये गये तथा गांवों में स्थित शिव मंदिर में अनेक जगहों पर महामृंत्यजय जाप का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने भाग लेते हुए शिव जी से अपनी कुशलता व रक्षा का आर्शीवाद ग्रहण किया। क्योंकि भक्तों की प्रार्थना से शीघ्र प्रसन्न होकर उनको मनचाहा बरदान देने वाले भगवान शिव जी की आराधना व उपासना का विशेष पर्व महाशिवरात्रि के चलते शहर में बडे ही धूमधाम के चलते धार्मिक आयोजन किये गये। क्योंकि सुबह से ही नगर के सुसज्जित देवालयों और मंदिरों में भोलेशंकर की पूजा, अर्चना करने वाले श्रद्वालुओं की भीड़ जुटी हुई देखी जा रही थी। वही लोगों ने अपने घरों में भी अनंत सुख देने वाले भगवान शंकर की पूजा कर शिव चालीसा, शिवाष्टक का पाठ करते हुए भगवान शिव से सुख समृद्वि तथा अभय का आर्शीवाद मांगा। वही दूसरी ओर दादा धूनी वालों के धाम पर भी भक्तों का दिन भर हुजूम लगा हुआ देखा गया, जहां पर सुबह से शाम तक व्रत रख बाबा की भक्ति में लीन श्रद्वालु पुरूष व माताओं सहित बहिनों ने पूजन अर्चन किया गया।

किसानो को सिंचाई के लिये मिल रहे महज चंद घंटे बिजली, इस स्थिति में कैसे उभर पायेगी अन्नदाता की जिन्दगी

सांईखेडा

इस बात से इंकार जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा अपने बिलों की बसूली न की जावे वह तो बिजली बिलों की बसूली करने में कोई कसर न छोड़े मगर किसानों को बिजली भी तो उपलब्ध कराई जावे बगैर बिजली दिये हुये बिलों की बसूली क्या उचित है? क्योंकि इन दिनों बिजली विभाग द्वारा किसानों से बिलों की बसूली तो लगतार की जा रही है मगर उन्हें मात्र चंद घंटे बिजली उपलब्ध कराये जाने से वह अपनी जिन्दगी कैसे संभाल पायेगे। क्योंकि गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सांईखेडा सहित अनेक गांवों के किसानो को सिचाई के लिये महज चंद घंटे बिजली ही नसीब हो रही हे इससे अंदाजा लगाया जा सकता हे की किसान केसे अपनी फसलो की सिचाई कर पाते होगे इन ग्रामो के किसानो का कहना हे की बोहानी फीडर से उनके क्षेत्र की बिजली सफलाई जोड़ी गयी हे जो काफी लम्बी दुरी तय करती है जिसमें आये दिन खराबी होने के कारण बंद होने के बाद सुधार नही हो पाता है। वही बताया गया हे की रात में बमुश्किल दो घंटे ही सिचाई के लिये बिजली मिल पाती हे जिससे खेत की एक शिफ्ट भी पूरी तरह से सिचाई नही हो पाती है। यहां के अनेक किसानो ने अपनी जानकारी में बताया की दिन में भी इसी तरह के हालात बनते है कि दिन के समय अधिकतर बिजली की कटोती कही मेन्टेनेस के नाम पर तो कही लाइन खराब होने का बहाना बनाकर काटी जाती है। क्योकि इस समय देखा जावे तो किसानों के खेतो में जहां गन्ना फसल लगी हुई तो अनेक किसानों ने मूंग फसल की बोनी की तैयारियाँ भी शुरू कर दी गई है जिसे इस समय पड़ रही गर्मी के दौरान सिंचाई की जरूरत है। मगर किसानों को मात्र चंद घंटे ही बिजली उपलब्ध होने से फसले खराब होते हुये नजर आने लगी है। इस तरह अनेक गांवों में बोल्टेज की समस्या के चलते किसानों के नलकूपों की मोटरे ही नही चल पा रही है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि किसान अपने खेतों की सिंचाई कैसे कर पायेगे। जबकि देखा जावे तो बिजली विभाग द्वारा जिन किसानों के बिल बकाया है उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुये उनकी कुर्की करने में कोई कसर नही छोड रहा है तो दूसरी ओर यदि बिल जमा करने में एक दिन की देरी हो जाती है तो पेनाल्टी के साथ बसूली की जाती है मगर जब बिजली विभाग द्वारा निर्धारित मात्रा में बिजली उपलब्ध कराये जाने में बरती जा रही कताही के बाद भी बिजली विभाग पर कार्यवाही क्यों नही होती है?

यातायात नियमों की उड़ रहीं धज्जियां

हरिभूमि न्यूज/ चीचली। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं, जहाँ भी नजर दौड़ाओ उधर ही यातायात नियम टूटते हुये नजर आ रहे हैं, कभी छोटे-छोटे बच्चे दोपहिया वाहन चलाते नजर आ रहे हैं तो कभी युवा वर्ग भी दो पहिया वाहनों पर तीन से लेकर चार सवारी बैठाकर फर्राटे मारते सामने से निकलते हुये देखे जा सकते हैं, इतना ही नहीं कभी काल पुलिस द्वारा चैकिंग की औपचारिकता निभाई जाती है तो मात्र कागजों की खानापूर्ति कर सौ पचास में समझौता कर वाहनों को छोड़ दिया जाता है। यदि पुलिस अपनी जागरूकता दिखावे तो लगातार हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है मगर जहाँ तहाँ नाबालिगों द्वारा दौड़ाये जा रहे वाहनों को देखकर तो यही अनुमान लगाया जा सकता है कि पुलिस को नगर की यातायात व्यवस्था से कुछ लेना देना नहीं है। वहीं दूसरी ओर नगर में जीपों व मैजिक गाडियों को ट्रैक्टर ट्रालियों में किस तरह सामान लाद कर व सवारी भरे दौड़ाये जा रहे है।

महाशिवरात्रि के दौरान देर रात तक शक्कर नदी मेले में देखने मिला भीड़ का आलम, तो आज स्नानदान अमावस्या के चलते फिर उमड़ेगी भीड़..

शिवधाम डमरूघाटी मेले में दूसरे दिन भी रही भक्तों की भीड़, शिव पार्वती के पूजन के साथ भक्तों का लगा रहा तांता

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। महाशिवरात्रि पर्व आराधना के दूसरे दिन कल गुरूवार को जहां लोगों द्वारा भगवान शिव पूजन करते हुये अपना व्रत तोड़ा गया। वही पूजन के उपरांत शहरवासियों में भक्ति का रस देखने मिला, जिसके चलते उत्साहित शहर, क्षेत्र के गांवो सहित के श्रद्धालु बड़ी संख्या में डमरूघाटी पहुंचे। क्योंकि शिवरात्रि का दूसरा दिन गुरूवार होने से इस दिन विष्णु की पूजा का महत्व होता है और भगवान शिवजी व माता पार्वती के आलवा माँ लक्ष्मी पति विष्णु जी की पूजन करने वालों की भीड़ देखने मिली जिसके चलते शिवधाम पहुंचे हुए भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन कर विधिविधान से पूजन कर डमरूघाटी के पास शक्कर नदी की रेत में भरे हुये मेला घूमने का आनंद लिया। वही उक्त विशाल मेले में महिलाओं ने घरों में उपयोग आने वाले सामान, श्रृगांर सामग्री, धार्मिक पुस्तकों की जमकर खरीददारी की तथा बच्चो ने मुस्कराते हुए रंग बिरंगे खिलौने खरीद फुल्की, आईस्क्रीम, मिठाईयॉ खाने का जी भरकर लुत्फ लिया तथा इस मेले में श्रद्धालु पुरूष, युवा भी मौज मजा करते देखे गए। वही दूसरी ओर आज शुक्रवार का दिन होने के साथ साथ स्नानदान अमावस्या के चलते शिवधाम डमरूघाटी में भीड़ उमड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। वैसे भी देखा जावे तो हर शुक्रवार को पूजन अर्चन करने के लिये लोग पहुंचते है। मगर शिवरात्री के पर्व होने के साथ साथ स्नानदान अमावस्या के चलते आज भारी भीड़ की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि हर वर्ष महाशिवरात्रि पर्व की पावन बेला में शहर के डमरूघाटी शिवधाम में भरने वाला मेला हर वर्ष बड़ा रूप लेते हुये देखा जा रहा है, जिसके चलते इस मेले में जहां दूर दूर से दुकानदार अपनी दुकाने लेकर पहुंचते है। वही अनेक मनोरंजक सामग्री वालों द्वारा भी अनेक प्रकार के मनोरंजन संबंधी कार्यक्रम लेकर आते है। इस मेले में श्रद्धालुओं को लुभाने वाली अनेक वस्तुओं की दुकानें सजी हुई है तथा मेला परिसर में लगे झूलें, चकरी सहित अन्य प्रकार की सामग्री बच्चो के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इसके अलावा नपा. क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस महाशिवरात्रि मेले में बेहतर व्यवस्थाएँ की गयी थी। इस तरह प्रतिवर्ष देखा जाता है कि मेला का आनंद लेने के लिये शिवरात्रि के दूसरे दिन ग्रामीण क्षेत्रों की जनता अधिक मात्रा में पहुँचती है। कुछ इसी प्रकार का हाल इस वर्ष भी देखने मिला जिसके चलते शिवरात्रि के दूसरे दिन भी शक्कर नदी में लगे हुये इस मेले में पूरे दिन भीड़ भाड़ का आलम दिखाई पड़ा। ज्ञात हो कि पहले इस मेले का आयोजन शिवधाम के पास स्थित शिवांगन कालोनी में किया जाता था। जहां पर बाहर से आने वाले दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। वही आमजन भी मेले में जगह की कमी के चलते परेशान होते हुये देखे जाते है। इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा लगातार उजागर करते हुये शिवरात्रि पर लगने वाले इस मेले को शक्कर नदी पुल के नीचे लगाने की आवाज उठाई जाती रही थी। इस तरह हरिभूमि द्वारा उठाई जाने वाली इस मांग को शिवधाम डमरूघाटी समिति द्वारा शायद गंभीरता से लेने की जरूरत नही समझी गई थी। मगर उस समय गाडरवारा में पदस्थ रहे तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजेश शाह द्वारा हरिभूमि की आवाज को गंभीरता से लिया गया और तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजेश शाह की पहल पर वर्ष 2020 से इस मेले की शुरूआत शक्कर नदी पुल के नीचे की गई तो लोगों के लिये जहां यह मेला आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पाया था और हर साल इस मेले के स्वरूप में इजाफा होते हुये दिखाई देने की शुरूआत होने के चलते इस मेले का हर साल बडा रूप होते हुये चला जा रहा है। इस वर्ष जिस तरह शिवरात्री के मेले का स्वरूप देखने मिला है वह निश्चित तौर से इस बात का संकेत देने से नही चूक रहा है कि आने वाले कुछ वर्षों में यह मेला और बडा रूप धारण करने से नही चूक पायेगा? वही दूसरी ओर मेले में दूर दूर से अपनी दुकाने लेकर आये हुये दुकानदारों ने हरिभूमि से चर्चा करते हुये कहा कि यदि इस मेले में बढ़ोत्तरी हो जाती है तो इस मेला बरमान के मेले जैसा होने से नही चूक पायेगा। सागर से आये हुये एक व्यापारी ने बताया कि हम इस मेले के लिये अपनी दुकाने लेकर आते है। मगर सिर्फ एक या दो दिन को होने के कारण अधिकांश राशि आने जाने के भाड़े में ही खर्च हो जाती है। यदि यही मेला 7 दिन तक चलने के साथ रात के समय कोई धार्मिक आयोजन शुरू हो जावे तो निश्चित तौर से हम लोगों की आने जाने की मेहनत निकल सकती है। क्योंकि यह महिना कृषि कार्य का होता है जिसके चलते दिन में कम ही लोग मेले में आते है। यदि मेले की अवधि सात दिन तथा रात के समय समिति धार्मिक आयोजन जिसमें मुख्य रूप से यज्ञ व प्रवचन जैसे कार्यक्रम शुरू कर दे तो निश्चित तौर मेले का स्वरूप बदलने से नही चूक पायेगा और यह शक्कर नदी में लगने वाला मेला अपना इतिहास बनाने से नही चूकेगा। वही दूसरी ओर बडा झूला लेकर आये लोगों का कहना है कि शिवरात्रि पर लगने वाले इस मेले के लिये हम इस झूले हर वर्ष आते है। मगर सिर्फ एक या दो दिन का रहने के कारण हम लोगों को झूला लेकर आने जाने में काफी राशि खर्च हो जाती है। यदि इस मेले के दौरान आयोजन समिति

द्वारा हर वर्ष किसी यज्ञ या फिर शिव पुराण का आयोजन कर देवे और रात के समय अच्छे प्रवर्चन करने वालो को बुलाया जाने लगे तो निश्चित तौर से इस मेले का आयोजन सात दिन तक भीड़ के साथ चलता रहेगा और मेला बड़ा रूप धारण कर सकता है तथा इस मेले की प्रसिद्व भी काफी बढ़ जावेगी। वही भोपाल से आये हुये एक दुकानदार का कहना है कि गाडरवारा में लगने वाले इस मेले का हम काफी दिनों से इंतजार करते है। मगर हम चाहते है कि इस मेले को अधिक रौनकता प्रदान करने के लिये कुछ इस तरह के आयोजन किये जावे जिसके चलते मेला कम से कम सात दिनों तक दिन रात चलता रहना चाहिये तो इस मेले की प्रसिद्व दूर दूर तक फेलने के कारण हम दुकानदारों की रोजी रोजी भी चलेगी और प्रशासन को राजस्व में भी इजाफा होने लगेगा। इस तरह मेले में दुकान लेकर आये हुये अधिकांश लोगों का कहना है कि शिवरात्रि पर लगने वाले इस मेले में कुछ इस तरह के धार्मिक आयोजन होना चाहिये जिससे मेले की अवधि में बढ़ोत्तरी हो सके।

श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति की ऐतिहासिक एवं अनुकरणीय पहल, डमरूघाटी में चढ़ने वाले हरित सामग्री से फिर बनाई जावेगी जैविक खाद

गाडरवारा

नगर ही नही बल्कि संपूर्ण प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना चुके शिवधाम डमरूघाटी में महाशिवरात्रि पर हजारों लोगों ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का आवागमन चालू हो गया, जो देर रात तक चलता रहा। महाशिवरात्रि पर्व एवं मेले के चलते श्रद्धालुओं का उत्साह भी देखने को मिला। वही दूसरी ओर पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर ऐतिहासिक पहल समाजसेवी संगठन श्री साई श्रद्धा सेवा समिति द्वारा देखने को मिली। बताया जाता है कि जहां भगवान शंकर पर श्रद्धालुओं द्वारा बेलपत्र, फूल, धतूरा, दूवा आदि सामग्री चढ़ाई जाती थी उसे विसर्जित किया जाता था। लेकिन बीते हुये वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति की पहल पर इस हरित सामग्री से कॉम्पोस्ट खाद हेतु एकत्रित किया गया। जिसे शहर के समस्त धार्मिक पेड़ पौधों में उपयोग किया जाएगा। इसी तारतम्य में समिति संस्थापक आशीष राय के नेतृत्व में समिति सदस्यों द्वारा सात घंटे की सेवा में करीब पांच क्विंटल हरित्र सामग्री एकत्रित की गई और कॉम्पोस्ट खाद हेतु नगर पालिका प्रशासन को सौंपा जाएगा गया है। वही नपा द्वारा इसे श्मशान घाट स्थित प्लांट में तैयार कर खाद बनाकर धार्मिक स्थलों पर लगे पेड़ पौधों में डाला जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख एवं डमरूघाटी समिति ने साईं समिति की पहल को सराहा तो दूसरी ओर तत्कालीन अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सृष्टि देशमुख के कार्यकाल में आयोजित बैठक में साईं श्रद्धा सेवा समिति ने मंदिर में चढ़ने वाली हरित सामग्री से खाद बनाने का सुझाव के साथ उक्त हरित सामग्री को एकत्रित करने में सहयोग देने की बात कही गई थी। तब से इस पहल पर साईं श्रद्धा सेवा समिति अपनी पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करती आ रही है। उनकी जिसकी जितनी सराहना की जाए कम है। साथ ही डमरूघाटी समिति अध्यक्ष हंसराज मालपानी सहित अन्य लोगों ने साईं श्रद्धा सेवा समिति के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा साईं समिति की पहल के चलते डमरूघाटी मंदिर देश के अन्य धार्मिक मंदिरों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है जो हम सभी के लिए गौरव की बात है।स्वच्छता पर करीब बीते हुये 14 वर्ष से सेवा प्रदान कर रहा है संगठन महाशिवरात्रि पर आयोजित शिवधाम डमरूघाटी मेले में नंदी प्रांगण में करीब 14 वर्ष से श्री साई श्रद्धा सेवा समिति ने साफ सफाई की व्यवस्था की जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए स्वच्छता अभियान चलाती आ रही है। इस वर्ष भी समिति ने हरित सामग्री पृथकीकरण के साथ साथ अगरबत्ती पेंकिट, नारियल बूछों इत्यादि कचरे को साफ किया एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरण भी किया गया। इस अवसर पर समिति संस्थापक आशीष राय,बबलू दवाईवाला,अमित श्रीवास, देवेन्द्र कुर्मी,धनराज यादव,नितेश कुर्मी, अमित कोरी,राहुल रजक,आर्यन नौरिया,नमन तिवारी,राजा अहिरवार,कृष्णा नौरिया,सूर्या चौहान,सचिन रजक,यश कुर्मी,कोमल वर्मा सहित इत्यादि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। गौरतलब है कि इस ऐतिहासिक पहल का शुभारंभ वर्ष 2022 में किया गया था। जिसमे करीब दो सौ किलो से अधिक की हरित सामग्री एकत्रित की थी। वर्ष 2023 में करीब ढाई सौ किलो से अधिक हरित सामग्री इक्कठा की थी इसके बीते हुये साल यानि की वर्ष 2024 में भी इसी प्रकार से भारी मात्रा में पूजन सामग्री एकत्र की गई थी। जिससे बनने वाली जैविक खाद शहर के धार्मिक स्थलों पर लगे पेड़ पोधो में डाली जाती आ रही है। बताया जाता है कि जबलपुर संभाग का पहला मंदिर जिसकी हरित सामग्री से बनाई जाती है जैविक खाद=शिवधाम डमरू घाटी मंदिर पर्यटक स्थल के रूप में तो अपनी पहचान बना चुका है। यहां साल भर श्रद्धालुओ का आना जाना लगा रहता है। महाशिवरात्रि पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते है जिसके लिए प्रशासन को नेशनल हाईवे का भी रूट बदलना पड़ता है। साथ ही यह मंदिर संभाग का पहला मंदिर जिसमे महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था का पूरा ध्यान रखते हुए उनके द्वारा चढ़ाई जाने वाली हरित सामग्री से जैविक खाद बनाने की अनुकरणीय कार्य किया जाता है।जिसे पुनः धार्मिक स्थल पर लगे पेड़ पौधे में डाला जाता है।

रेल प्रशासन से लाईन को बंद कराने के बाद मुश्किलों के बीच उतारा नीचे, प्लेट फार्म पर डेढ़ घंटे तक चलता रहा ड्रामा

नगर के रेल्वे स्टेशन पर बिजली लाईन के खम्बे पर चढ़ा युवक

गाडरवारा। प्रयाग राज में भले की महाकुंभ की समाप्ति हो चुका है। मगर जिस तरह रेल्वे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ उमड़ने के साथ साथ देश की राजधानी रेलवे स्टेशन पर घटित हुई घटना के बाद रेल प्रशासन के साथ साथ सरकार द्वारा कहा जा रहा है कि पूरे देश के रेल प्रशासन को सुरक्षा की दृष्टि से सतर्क स्थिति में रखा गया है। मगर बीते हुये गुरूवार को सुबह के समय नगर की रेल्वे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जो सच्चाई देखने मिली है उसने निश्चित तौर से सरकार से लेकर रेल प्रशासन सहित आर पी एफ की व्यवस्थाओं की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ी गई है..? क्योंकि जब लोग सुबह 9 बजे नगर के रेल्वे स्टेशन पर अपनी अलग अलग दिशाओं में जाने वाली ट्रेनों का इंतजार कर रहे थें। उसी दौरान कुछ लोगों ने देखा कि दोनों प्लेट फार्मो के बीच लगी हुई ट्रेन संचालित होने वाली बिजली लाईन के खम्बों पर एक युवक चढ़कर अजीब किस्म के हरकते कर रहा है। इस तरह युवक को देखने के लिये जहां लोगों की भीड़ उमड़ने से नही चूक पा रही थी तो दूसरी ओर ट्रेन से यात्रा करने के लिये पहुंचे हुये लोगो में इस सच्चाई को देखकर दहशत का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा था। क्योंकि जिस बिजली लाईन से ट्रेनों का संचालन होता है उसे हाई बोल्टेज यानि की 25 हजार बोल्टेज की मानी जाती है। यदि इसके संपर्क में जब कोई व्यक्ति आता है तो उसकी क्या स्थिति बनेगी इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है..? मगर जब लोगों ने इस ट्रेन संचालन में उपयोग होने वाली हाई पावर बोल्टेज बिजली के खम्बों पर लगी हुई बिजली लाईन के बीच युवक को चढ़ा हुआ देखा तो हैरत में पड़ने से नही चूक पाये। वही दूसरी ओर इस घटना की सूचना मिलते ही जहां स्थानीय रेल्वे थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे तो दूसरी ओर स्थानीय रेल्वे स्टेशन के अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर पहुंचकर बिजली लाईनों के बीच चढ़े हुये युवक को नीचे उतारने के अपना सख्त रवैया अपनाते हुये देखे गये। मगर युवक नीचे उतरने का नाम ही नही ले रहा था। इस स्थिति में रेल प्रशासन को बिजली लाईन बंद कराने के लिये मजबूर होना पड़ा और कुछ समय के लिये रेल यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होने से नही चूक पाई थी..? इस तरह लगभग डेढ़ घंटे तक चले हुये ड्रामें के बीच रेल पुलिस सहित रेलवे के कर्मचारियों द्वारा मौके पर सीडीदार नसेनी लगाते हुये युवक बडी मुश्किलों के बीच नीचे उतारने में सफलता मिल पाई थी। इस संबंध में जब रेल पुलिस थाना प्रभारी यानि की निरीक्षक राजेन्द्र सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने अपनी जानकारी में बताया है कि सुबह के समय एक युवक अचानक रेलवे स्टेशन प्लेट फार्म के सामने हाई बोल्टेज वाली रेल बिजली लाईन पर चढ़ गया था। जिसे बडी मुश्किलों के बीच रेल पुलिस प्रशासन, रेल प्रशासन सहित आम लोगों की मदद से नीचे उतारने में सफलता प्राप्त की गई। इस तरह रेल बिजली लाईन पर चढ़े हुये युवक द्वारा पूछताछ के दौरान अपना नाम प्रदीप उर्फ वक्का पिता फूलसीग पोर्ते निवासी समता गोरेला पेन्ट्रा छ.ग. तथा गोवा से घूमकर लौटने की बात बता रहा है। वही इस तरह रेल्वे स्टेशन की बिजली लाईन पर चढ़कर ड्रामा करने वाले युवक को पकड़ते हुये आरपीएफ के हवाले कर दिया गया है आगे की पूछताछ व कार्यवाही वही करेगे। इस घटना ने निश्चित तौर से नगर की रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ी गई है..? क्योंकि जिस तरह एक बाहरी अनजान युवक इस प्रकार से रेल्वे प्लेट फार्म के सामने ट्रेनों को संचालित करने वाली बिजली लाईन पर चढ़ते हुये डेढ़ घंटे तक हाई बोल्टेज ड्रामा करता रहा जिसके चलते रेल प्रशासन की अपनी बिजली लाईन बंद कराने के लिये मजबूर होना पड़ा है..। सबाल तो यह पैदा हो रहा है कि इस तरह युवक आसानी से बिजली लाईन पर चढ़ने में सफल हो गया और रेल प्रशासन से लेकर जिम्मेदार सुरक्षा एजेन्सी इसकी पेहरेदारी करने में असफल रहने के कारण नगर के रेल्वे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था की सच्चाई कटघरे में दिखाई देने से से नही चूक पा रही है...?

सालीचौका क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश हो रहा बेअसर

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका क्षेत्र की स्थिति इस तरह देखने मिल रही है कि इस क्षेत्र में मादक पदार्थो का अवैध कारोबार लगातार अपनी गति पकड़ने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। बताया जाता है कि शराब के बाद क्षेत्र में अन्य नशीली चीजो की बिक्री में इजाफा होने से युवा पीढ़ी बर्बाद होने की कगार पर आने लगी है? नगर में आसानी से मिलने वाली महॅगी सिगरेटो के फॅूकने के दौरान युवाओं, किशोरो का लगभग नियमित मदिरा पान करने से घरो का माहौल बिगड़नें की जहां शुरूआत हो गयी है, वही शहरवासी भी शहर के युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित नजर आने लगे है, भरोसे मंद सूत्रो के अनुसार इन दिनों नशे के कारोबार में नया मोड़ आ गया है तथा तत्वो द्वारा स्मैक तथा अन्य ऐसे नशीले पदार्थ भी बेचे जाने लगे है? जिनका उपयोग युवाओं के घातक है, मगर इसके बाद भी बताया जात है कि इन पदार्थो का पहली बार प्रयोग करने के बाद गरीब, युवा इसके आदी हो जाते है और इन नशीली चीजो के न मिलने से उनका शरीर छटपटाने लगता है विदित हुआ है कि आजकल युवक बेधड़क नशीली दवाओं व इंजेक्शनों का इस्तेमाल कर रहे है और कथित तौर पर नशा करने के लिए उनकी तरफ डबल रोटी के स्लाईस पर आयोडेक्स भी खाया जा रहा है, जागरूक क्षेत्र के लोगों का कहना है कि शायद पुलिस लिखा पढ़ी सें बचने नशे के कारोबार पर प्रतिबंध लगाने प्रयास नही कर रही है, जिसका नतीजा है कि नशीली चीजें बिकने से नगर का वातावरण खराब होने के साथ अधिकतर वे युवा बर्बादी की राह पर कदम बढ़ा रहे है जिनके कंधो पर बूढ़े मॉ, बाप, भाई, बहिनो की देख भाल की सीधी जिम्मेदारी है, फिलहाल शहर में नशीली चीजो की बिक्री की रोकथाम की गुहार उठने लगी है, जिसे गंभीरता से सुन पुलिस को अब नशीली चीजो के विक्रय पर रोक लगाना जरूरी हो गया है।

हूटर लगी गाडियों पर नहीं लग पा रहा है अंकुश, रौब झाड़ने के लिये बना फैसन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस समय नगर में आये दिन देखने मिल रहा है कि लोगों द्वारा जहां अपने वाहनों में मनमाने तौर से प्रशर हार्न लगाकर ध्वनि अधिनियम की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है? बही दूसरी ओर अनेक लोगों द्वारा अपने चार पाहिया वाहनों में यातायात नियमों को दर किनार करते हुए हूटर लगाकर मनमानी पर उतारू देखे जा रहे है? मगर इस सब में मजेदार बात तो यह है कि इस प्रकार से मनमान तौर से हूटरों का हो रहे दुरूउपयोग को लेकर स्थानीय शासन प्रशासन पूर्ण रूप से नजर अदांज कर रहा है, जिसके चलते नगर में अनेक वाहनों में खुलेआम हूटर देखने मिल सकते है, जबकि हूटर लगाने के लिए मा. न्यायालय व परिवहन विभाग द्वारा नियम कानून बनाये गये है, जिनकी खुलेआम आब्हेलना की जा रही है? वही वाहनों में हार्न लगाने के लिए भी लोगों द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है, लोगों के वाहनों में लगे हूटर व हार्नो से राहगीरों के लिए परेशानी का सामना तो करना ही पड़ता है, वही स्कूल वाहनों में लगे प्रेशर हार्न से स्कूली बच्चों पर विपरित प्रभाव देखने मिल रहा है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र के कुछ नेताओं द्वारा भी अपने वाहनों में हूटर लगाकर नियमों की अनदेखी करते हुए आये दिन वाहनों के पीछे पुलिस सायरन वाला हूटर बजाकर रौब झाडा जाता है, और जब यह तेज हूटर रात के समय नगर में बजाया जाता है तो सोने वाले लोगों की नीद खराब हो जाती है, मगर धन्य है नगर का पुलिस प्रशासन जो आये दिन दुकानदारों सहित अन्य गरीब मजदूरों के बीच पहुंचकर उन्हे अपनी बर्दी की ताकत दिखाने के लिए तो हड़कता रहता है? मगर जिस प्रकार से लोगों द्वारा खुलेआम शासन के नियमों की अब्हेलना की जा रही है।

खबर संक्षेप

क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर युवा नेता ने कलेक्टर से की मुलाक़ात

डिंडौरी न्यूज़। भाजपा युवा नेता राजेंद्र यादव ने नवागत कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या का पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनायें प्रेषित किया हैं, युवा नेता राजेंद्र यादव ने नवागत कलेक्टर के समक्ष क्षेत्र में व्याप्त पेयजल समस्या सहित अन्य बुनियादी मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित कराया हैं।

पीएम किसान सम्मान निधि की राशि से कृषि कार्यों की जरूरतें पूरी करने में मिली मदद

अनूपपुर। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों की उन्नति के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना भी इन्ही योजनाओं में से एक है। इस योजना ने सतत रूप से किसानों को आर्थिक सशक्तिकरण का ऐसा मजबूत आधार स्तंभ प्रदान किया है, जिससे न केवल उनके परिवारों में समृद्धि आना प्रारंभ हुई है, अपितु कृषि क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव दृष्टिगोचर हुए हैं। इसी तारतम्य में अनूपपुर जिले के ग्राम बरबसपुर निवासी श्रीमती रेखा पाठक ने बताया कि वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की लाभार्थी हैं। उन्हें इस योजना के अंतर्गत वर्ष में तीन किश्तों में 6 हजार रुपये की राशि मिलती है। इस राशि से उन्हें खेती-बाड़ी के कार्यों में आर्थिक मदद के साथ ही बीज, खाद एवं दवाईयों के खर्चे में काफी हद तक राहत मिली है। इस प्रकार अब उन्हें खेती कार्य के दौरान छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में परेशानी का सामना नही करना पड़ता है। श्रीमती रेखा पाठक ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिली राशि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को किसानों के प्रति संवेदनशीलता के लिए धन्यवाद दिया है।

जिपं सामान्य सभा की बैठक 5 मार्च को

अनूपपुर। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 05 मार्च को अपरान्ह 2 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया है कि बैठक एजेन्डा बिंदु तथा अन्य विषयक चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सर्व संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

धान उपार्जन की 177.99 करोड़ की राशि किसानों के खाते में हुई अंतरित

अनूपपुर। किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 34 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया गया। जिले में 21975 पंजीकृत किसानों में से 18741 किसानों से धान उपार्जन के अंतिम तिथि तक 98732.7 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते ने बताया कि अब तक 18000 किसानों के बैंक खाते में 177.99 करोड़ की राशि का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शेष किसानों के खातों में राशि भेजने की कार्यवाही जारी है।

पांच दिवसीय मेले के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

अनूपपुर। मां नर्मदा की उद्गम नगरी अमरकंटक मे महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय मेला के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा तथा शिवालयों मे पूजा-अर्चन किया। मेला ग्राउंड अमरकंटक में आयोजित पांच दिवसीय मेला के दूसरे दिवस बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने मेला में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की, मेला में लगाई गई दुकानों में लोगो ने खरीदी की।

जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरिया का मामला

अतरिया सरपंच पर पंचों का आरोप: फर्जी कार्य दर्शाकर कर दिया लाखों रू.का भुगतान.

डिंडौरी

जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम पंचायत अतरिया में विकास कार्यों के लिए स्वीकृत 15वें वित्त की राशि में लाखों रुपए फर्जी वेंडर बनाकर गबन करने का मामला सामने आया है। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब सरपंच, सचिव की मिलीभगत से 15 वें वित्त की राशि को मनमाने ढंग से भुगतान कर दिया गया मामले की जानकारी पंचों को लगी तो पंचों वित्तीय अनियमिता को लेकर कलेक्टर से शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की गई है।पंचों के द्वारा दिए गए शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत अतरिया सरपंच संतोष मरकाम के द्वारा फर्जी कार्य दर्शाकर 15वें वित्त की राशि का अपनी सगे संबंधियों के वेंडर बनाकर लाखों रू.का भुगतान कर दिया गया है।

पंचों का आरोप है कि ग्राम पाटन में पंद्रहवा वित्त के राशि से सीसी. रोड मुख्य मार्ग से अर्जुन के घर तक कार्य कराया गया जो मानकविहीन व गुणवत्ताहीन है, 8 इंच के जगह पर 4 इंच का सीसी रोड बनाया गया है जिस की 110000 रूपये सरपंच के द्वारा स्वयं का वेन्डर बनाकर राशि आहरण कर लिया है और उस रोड की मजदूरी भुगतान कुछ लोगों का आज भी शेष है।अमृत सरोवर तलाब के नाम पर 99600 रूपये सामग्री के नाम पर 15 वें वित्त योजना से अपने नाम के वेंडर से राशि आहरण कर गबन कर लिया गया है जो कि शासन के नियमों के विरुद्ध है। वही सरपंच संतोष मरकाम के द्वारा अपने भाजी निकिता उर्फ अकिता के नाम से जीएसटी. बनवाकर फर्जी बिल लगाकर राशि का गबन दिनांक 23/12/2024 को सरपंच द्वारा नाडेप निर्माण के नाम पर 120000 रूपये आहरण कर लिया गया है जबकि वर्तमान में नाडेप के नाम से न तो सामग्री खरीद गई है और न ही नाडेप निर्माण कराया गया है, साथ ही अपने भांजी के जीएसटी. नम्बर पर बोल्डर चैकडैम पाटन में बिल लगाकर 109791 रूपये का गबन कर लिया गया है,जबकि निकिता उर्फ अंकिता के पास किसी प्रकार की ट्रैक्टर व किसी अन्य प्रकार की कोई गाड़िया नहीं है।उक्त स्थान पर कोई सामग्री का खरीदी नहीं किया गया है। उसी नाले के पत्थर से बोल्डर चेकडेम बना गया। आरोप है कि सन्तोष मरकाम द्वारा अपने पिता कामता के नाम से मनरेगा योजना के तहत पशु सेड जिसका टी एस. ए.एस. 90858 दिनांक 12/07/2023 राशि 140000.00 रूपये स्वीकृति कराकर निकिता उर्फ अंकिता ट्रेडर्स के नाम से राशि 32881 रूपये का आहरण कर लिया गया है वर्तमान में इनके द्वारा किसी भी प्रकार का पशुशेड का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है जबकि ग्राम पंचायत में कोई भी योजनाओं का लाभ अपने सगे सम्बंधियों को दिलाना गलत है।

वहीं टाइट फंड 15वां वित्त योजना से कुंआ मरम्मत ग्राम अतरिया में मोहयती के घर के पास के नाम पर अपने भांजी निकिता उर्फ अंकित ट्रेडर्स के नाम घर बिल लगाकर एक वर्ष पूर्व राशि 30 हजार रूपये आहरण कर लिया गया है और आज तक कुए की मरस्मत नहीं कराया गया है। ग्राम बीजापुरी में मोहबती के घर से नाला तक 15वां वित्त टाइट फंड से सीसी. नाली निर्माण का कार्य कराया गया है जो कि यह नाली प्रधान मंत्री रोड के अन्तर्गत आता है जिसका निर्माण गुणवत्ताहीन कराया गया और सामग्री का भुगतान अपने भांजी निकिता उर्फ अंकिता ट्रेडर्स के नाम से राशि 298000 रूपये का आहरण कर राशि गबन कर लिया गया है और निर्माण कार्य अपूर्ण है।

सरपंच संतोष मरकाम द्वारा 15वां वित्त टाइट फंड योजना नाली निर्माण का काम ग्राम बीजापुरी में करवाया जा रहा है जिसका लेवर भुगतान मनरेगा योजना के तहत कन्ट्रॅलट्रेच बीजापुरी के नाम पर मस्टर रोल छपवाकर मजदूरी का भुगतान कराया जा रहा है जिसकी जानकारी रोजगार सहायक को नहीं दिया गया है अपने मनमानी तौर से जनपद के अधिकारियों से मिलकर जनपद से ही निकलवाया जा रहा है।ग्राम पाटन में साफ सफाई के नाम पर 50 हजार रूपये का आहरण किया गया है जो कि ग्राम पाटन में यह कार्य आज दिनांक तक नहीं हुआ है।सरपंच के द्वारा ग्राम बरगी में साफ सफाई के नाम पर राशि 67 हजार रूपये का आहरण किया गया जो आज तक नहीं कराया गया है। ग्राम खम्हरिया में सन्तोष कुमार मरावी के नाम पर ड्रोन सर्वे की राशि 25000 रूपये का भुगतान किया गया है जो कि अवैध है। सरपंच संतोष मरकाम के द्वारा अपने ही नाम से राशि का आहरण अन्य व्यव के नमा किया गया है जो इस प्रकार है 30000 रू. 27/01/2024 की 20000 रू.11/09/2023 को 12000 रू. 17/08/2023 को 80000 रूपये 26/10/2022 सरपंच के द्वारा राशि का आहरण किया गया जिसकी जांच कर उक्त राशि का वसूली करने की कार्रवाई की जाए। 15वें वित्त की राशि में हुए गड़बड़ी की जाँच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

शिक्षिका अनाधिकृत तौर पर रही नदारत, कर्तव्य समय पर नशे में धुत मिले शिक्षक

एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में लटका मिला ताला, एमडीएम व्यवस्था ठप

डिंडौरी न्यूज। जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम मुड़की में संचालित एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों की मनमानी चरम पर हैं, यह पदस्थ शिक्षकों की मनमानी से पालक सहित विद्यार्थी परेशान हैं, ग्रामीणों की माने तो पदस्थ शिक्षक मनमानी करते हुए कई कई दिनों तक विद्यालय से नदारत रहते हैं। जब मध्याह्न भोजन योजना के गुणवत्ता निरीक्षक आनंद मौर्य ने एमडीएम संचालन की औचक निरीक्षण किया तो लापरवाही का मामला सामने आया है, निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी में 24,25 एवं 27 फरवरी तक विद्यार्थियों की उपस्थिति निरंक मिली, वहीं प्राथमिक विद्यालय के गेट में ताला लटका हुआ मिला जबकि माध्यमिक विद्यालय में एक भी विद्यार्थी मौजूद नहीं थे।प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती लीला श्याम अनाधिकृत तौर से अनुपस्थित मिली, माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक संदीप कुमार धुर्वे कर्तव्य टाइम के दौरान शराब के नशे में धुत मिले, जानकारी के अनुसार जिन्हें एमएलसी के लिए सीएसी गवले के साथ भेजा गया था जहां से शिक्षक संदीप धुर्वे हाथ छुड़ाकर भाग गया जिसकी जानकारी जनशिक्षक गवले ने मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत को दे दी है। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि मध्याह्न भोजन योजना में समूह द्वारा लगातार अनियमितता बरती जा रही है, अध्ययनरत विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन योजना से वंचित किया जा रहा है, जिससे नौनिहालों का स्कूल से मोहभंग हो रहा है, निरीक्षण के दौरान एमडीएम व्यवस्था ठप पाई गई साथ ही रसोइया मौके पर नहीं मिली, निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की मौजूदगी में उक्त लापरवाही को लेकर पंचनामा बनाया गया है।

ग्रामीणों के बीच पहुंचे विघार्थी

गोरखपुर

डिंडौरी जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रैकवार में शासकीय महाविद्यालय करंजिया एन एस एस विघार्थियों के द्वारा कालेज के प्राचार्य प्रमोद वास्पे के मार्गदर्शन नित्य नये नये आयाम किये जा रहें हैं,इसी श्रंखला में गुरुवार को छात्रों के दल ने स्थानीय नागरिकों के बीच पहुंचकर उनके रहन सहन और जीवनशैली को गौर से देखा तत्पश्चात उनसे सीधा संवाद करते हुए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा गरीबों के हित में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया कर इन योजनाओं का लाभ उन्हें मिलता हैं या नहीं इस बावद पूंछताछ किया, ग्रामीणों ने विघार्थियों से रुबरु होते हुए देर तक ग्रामीण जीवन शैली पर रोचक जानकारी देते हुए अपने अपने विचार साझा किए।

इस शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य श्री -प्रमोदकुमार वास्पे ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन प्रशासन के नियमानुसार एन एस एस की गतिविधियों का संचालन लगातार किया जा रहा हैं, ग्रामीणों के बीच जाकर उनके क्रियाकलापों का पास से देखना नवाचार जैसा हैं , वहीं इस आयोजन से निश्चित ही विघार्थियों को सीखने मिल रहा हैं और वे सकारात्मक ऊर्जा की ओर बढ़ रहे हैं।

आतिशबाजी के साथ निकली शिव पार्वती की बारात

डिंडोरी __ महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कस्बा शाहपुर में शिव एवं माता पार्वती की बारात आतिशबाजी एवं डीजे के साथ निकाली गई मुख्य बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर में सुबह विशेष पूजा अर्चना के पश्चात भंडारे के प्रसाद वितरण के बाद औघड़नी शिव शंकर एवं माता पार्वती की बारात निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त डीजे साउंड पर झूमते नाचते हुए मुख्य मार्ग से प्राचीन बूढ़ी माई मंदिर नामदेव मोहल्ला ,साहू मोहल्ला , कछवाहा मोहल्ला,होते हुए निकाली गई जिसमें जगह शिव एवं माता पार्वती की श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना की गई इसके बाद मुख्य मार्ग सुरजपुरा रैयत में भोले बाबा की बारात की अगवानी कर वरमाला पहनाकर मंत्रोच्चारण के साथ विवाह संपन्न कराया गया भोले बाबा की बारात यात्रा में बड़ी संख्या में कस्बे के श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।

कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने सार्थक एप पर आनलाईन उपस्थिति दर्ज करने आदेश किया जारी

सरकार और डिंडौरी जिला प्रशासन के अनोखी पहल से कामचोर सरकारी कर्मचारियों की बढ़ सकती है परेशानी.

डिंडौरी। मध्यप्रदेश सरकार ने आम जनता को सुविधा देने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर शासकीय कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से सार्थक एप लागू किया है। इसी तारतम्य में मध्यप्रदेश शासन सामान्य विभाग एवं डिंडौरी कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में आज सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डिंडौरी ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और संकुल प्राचार्य को आदेश जारी कर सभी विभागीय कर्मचारियों की आई डी पासवर्ड बनाकर आनलाईन उपस्थिति के निर्देश दिए गए है।बता दें कि विगत दिनों कलेक्टर नेहा मारव्या ने अंग्रेजी माध्यम छात्रावास में निरीक्षण के दौरान अधीक्षक अनुपस्थिति मिली कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए मौके पर सहायक आयुक्त को आदेश दिया कि सभी अधीक्षकों की उपस्थिति सार्थक एप पर आनलाईन दर्ज किया जाए। कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त के निर्देश के परिपालन में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों बीआरसी संकुल प्राचार्य और विभाग के सभी कर्मचारियों का आईडी और पासवर्ड बना दिया गया और आनलाईन उपस्थिति दर्ज किया जा रहा है। इसके बाद सभी शिक्षकों अतिथि शिक्षक अंशकालिक भृत्य आदि सभी की आईडी पासवर्ड बनाकर इनलाइन उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से दर्ज की जाएगी। सरकार और डिंडोरी जिला प्रशासन के अनोखी पहल से कामचोर सरकारी कर्मचारियों को खाशी परेशानी होगी। वहीं सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति होने से जनसामान्य को भटकना नहीं पढेगा। शिक्षा का स्तर मजबूत होगा और आनलाईन उपस्थिति से जिलें में कार्य रत अधिकारियों और कर्मचारियों का वास्तविक आंकड़े सरकार और जनता के सामने रहेगा। समाचार लिखते तक डिंडौरी जिले के सातों विकास खंड में आईडी और पासवर्ड का कार्य यूद्ध स्तर पर चल रहा है। 50प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शेष पर कार्रवाई चल रही है।

शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास विजन डाक्युमेंट के तीसरे चरण की बैठक संपंन्न

डिंडोरी

शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की अध्यक्षता मे शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास विजन डाक्युमेंट के लिए तीसरे चरण की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, जनपद सदस्य कीर्ति गुप्ता सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए आगामी 5 वर्ष का विकास विजन डाक्युमेंट को तैयार जा रहा है। जिसका उद्देश्य क्षेत्र के परिदृश्य और विकास हेतु आगामी वर्षां के लिए कार्य योजना बनाना है। उन्होंने उक्त संबंध में सभी संबंधित विभागों द्वारा प्रस्तावित विचारों पर चर्चा की। विकास विजन डाक्युमेंट शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के भविष्य को दृष्टिगत रख बनाया जा रहा है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा, रोजगार, अधोसंरचना, कृषि, उद्योग, सुशासन, सड़क, छात्रावास आदि विषयों को समाहित किया जाएगा। विधायक धुर्वे ने सभी संबंधित विभागों से शहपुरा के विकास मॉडल के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जिसमें विभागों द्वारा अंतिम रूप से विकास विजन डाक्युमेंट का ड्राफ्ट प्रस्तुत किया गया। विजन डाक्युमेंट के लिए सभी विभागों ने विस्तार से कार्ययोजना प्रस्तुत कर आगामी वर्षों के विकास के लिए प्रस्ताव रखे। प्रस्तुत प्रस्तावों में सड़क निर्माण, आंगनवाड़ी निर्माण, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, पेयजल आपूर्ति, कृषि विस्तार आदि से सम्बंधित प्रस्ताव शामिल किये गए। जिस पर विधायक धुर्वे ने विभागीय अधिकारियों से बिंदुवार विस्तृत चर्चा की। विधायक श्री धुर्वे ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी संबंधित विभागों ने विकासात्मक प्रस्ताव प्रस्तुत किये है, जिससे सभी ग्रामों तक मूलभूत सुविधाओं सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं पहुंचाई जा सके। विकास विजन डॉक्यूमेंट में ऐसे प्रस्ताव प्रस्तावित किये है,जो बहुउद्देशीय और बहुआयामी आवश्यकता को पूरा कर सकेंगे। उन्होंने प्रस्तुत प्रस्तावों पर आवश्यकतानुसार सुझाव दिए और विभागीय प्रारूप में प्रस्तावित सुझावों को शामिल करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को कहा, जिससे प्रभावी विकासात्मक कार्यों को किया जा सके।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ पेंशनर सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जिला पेंशन कार्यालय के तत्वाधान में जिले के 75 वर्ष से लेकर ऊपर की आयु तक के 33 पेंशनरों का सम्मान समारोह आज गुरुवार को कलेक्टर सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर,जिला पेंशन अधिकारी डीएन हजारिया सहित अन्य अधिकारी और पेंशन धारक उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने उपस्थित समस्त पेंशनरों को तिलक लगाकर शाल एवं श्रीफल भेंट के साथ सभी पेंशनरों को उनके द्वारा की गयी सेवा के प्रतिफल स्वरूप सम्मानित किया। पेंशनर सम्मान समारोह का आयोजन करने के लिए पेंशनरों ने कलेक्टर श्रीमती मारव्या का आभार व्यक्त किया। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने सम्मान समारोह में पेंशनरों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की,उन्होंने पेंशनर संगठन से प्राप्त एजेंडा बिंदुओं जैसे अवकाश नगदीकरण, 30 जून अथवा 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आगामी वेतनवृद्धि स्वीकृति आदि पर शीघ्रता के साथ नियमानुसार आवश्यक निराकरण के निर्देश जिला पेंशन अधिकारी को दिये। एजेंडा बिंदु के अतिरिक्त संज्ञान में लाए गए विषयों पर भी आवश्यक कार्यवाही करने की लिए कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

खबर संक्षेप

बीआरसी टीम द्वारा विद्यालय का निरीक्षण जारी होंगे नोटिस

गोटेगांव- विकासखंड के अंतर्गत बीआरसी टीम ने प्राथमिक और माध्यमिक शाला झौत का निरीक्षण किया।

वहीं टीम ने शाला में बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया और रसोईघर का निरीक्षण कर सामग्री का का अवलोकन किया,रसोइयों को स्वच्छता और साफ सफाई के निर्देश दिए,शाला में बच्चों का FLN परीक्षण किया गया और उनकी शैक्षिक गुणवत्ता को परखा गया,सम्पूर्ण शाला का निरीक्षण किया गया और पुताई साफ सफाई आदि के निर्देश दिए,माध्यमिक शाला झौत में पदस्थ कलावती ठाकुर,कोमल ठाकुर अनुपस्थित मिले जिन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है,वहीं उपस्थित पंजी का अवलोकन किया गया,जिंसमे पाया गया कलावती ठाकुर की 18 आकस्मिक अवकाश हो चुके है,जबकी शासन के अनुसार सिर्फ 13 आकस्मिक अवकाश की पात्रता शासकीय सेवक को मिलती है,कलावती ठाकुर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जा रहा है,जबाब परीक्षण के बाद कार्यवाही हेतू वरिष्ट कार्यालय को सूचना कार्यवाही हेतु दी जाएगी,निरीक्षण दल में उमाशंकर छिरा बीएसी दसरथ प्रसाद चढ़ार और जनशिक्षक प्रकाश राकेशिया उपस्थित रहे।

खमरिया खेल मैदान की जमीन पर लोगों ने किया कब्जा

गोटेगांव-जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया में खेल मैदान की जमीन पर लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है ।ग्रामीणों ने बताया कि खमरिया गांव में पहले खेल मैदान की जमीन थी पर उस जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर लिया है,जिससे बच्चों को खेलने के लिए जगह उपलब्ध नहीं हो पा रही है, इसलिए सभी नागरिकों ने नरसिंहपुर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए कलेक्टर को शिकायती ज्ञापन दिया और जल्द ही कलेक्टर से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की गई।

108 एंबुलेंस चालक द्वारा अभद्र व्यवहार हुई शिकायत

नरसिंहपुर। 108 एंबुलेंस चालक द्वारा अभद्र व्यवहार करने की घटना को लेकर कलेक्टर से शिकायत की गई है। नरसिंहपुर तिलक वार्ड निवासी शुभम तिवारी आत्मज दिनेश तिवारी ने बताया कि आज दिन के करीब 11रू30 बजे से अपनी दुकान की ओर आ रहा था तभी रास्ते में रोड क्रास करते समय 108 एम्बुलेंस वाहन क्रमांक सीजी04एनयू5351 के चालक द्वारा पीछे से साइड देने को लेकर हॉर्न बजाकर गाली गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया । जबकि एंबुलेंस को हूटर बजाना था इसके बारे में शुभम तिवारी ने उससे बोला कि आप हूटर बजाओ तो उसने मुझे जवाब दिया कि मेरी गाड़ी में हूटर खराब है तुमको इतनी पड़ी हो तो तुम हूटर लगवा दो इस तरीके से बीच रोड पर मुझसे अभद्र व्यवहार कर बेज्जत किया गया। इसकी शिकायत तिवारी ने कलेक्टर से की है। उक्त चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

अपराधों को रोकने में पुलिस प्रशासन अक्षम साबित

बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण बढ रहे गम्भीर अपराध

जिला कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नरसिंहपुर जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था और महिला अत्याचार की घटनाओं को लेकर जिला कांग्रेस के पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं ने नरसिंह भवन कलेक्ट्रेट के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते समय जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने आरोप लगाया कि नरसिंहपुर जिले में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है जिसके कारण गम्भीर अपराध बढ़ते जा रहे है। पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने कहा कि अपराधों को रोकने में पुलिस प्रशासन अक्षम साबित हो

महिला अत्याचार की घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मैथिलीशरण तिवारी ने कहा कि महिलाओं, युवतियों व बालिकाओं के साथ दुराचार एवं सामूहिक दुराचार की शर्मनाक घटनायें सामने आ रही हैं। वहीं जिला कांग्रेस ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जिले में जुआ-सट्टा, अवैध शराब एवं अवैध रेत का व्यापार कतिपय नेताओं एवं अधिकारियों के संरक्षण में काफी फल फूल रहा है। युवाजन तरह-तरह के नशे की चपेट में है। जिससे कई परिवार बर्बाद हो रहे है। इसी तरह हाल ही में तेंदूखेड़ा विधानसभा में तेंदूखेड़ा के भा.ज.पा. पार्षद द्वारा एक एक महिला से मोबाईल पर अभद्र टिप्पणी की गई है, जिसका आडियों भी वाइरल हुआ है, जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नही हई है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण अमित राय गोलू, प्रताप गुमास्ता, रामरतन सिंह

पटेल, जिला एनएसयू आई अध्यक्ष ईशान राय , जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कंछेदी पटेल आदि ने बताया कि ज्ञापन में

हिलाओं, युवतियों व बालिकाओं के साथ दुराचार एवं अत्याचार की घटनाओं का जताया विरोध

मांग की है कि नरसिंहपुर जिले में प्रभावी कानून व्यवस्था हेतु कड़े कदम उठाए जावे तथा जिले में संचालित अवैध गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जावे। साथ ही जुआ-सट्टा, मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को बढ़ावा देने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जावे। उक्त मौके पर बड़ी संख्या में जिला , ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई ,सेवादल, महिला कांग्रेस, आईटी सेल एनएसयूआई,अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक समेत सभी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

महाशिवरात्रि पर जिले भर में हुये विविध आयोजन

भगवान शिव शंकर की शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बुधवार को जिले भर में महाशिवरात्रि का त्यौहार अपूर्व उत्साह, आस्था और भक्ति के साथ मनाया गया। शिवरात्रि के मौके पर शिवालयों में विशेष अनुष्ठान के साथ रूद्राभिषेक आदि के आयोजन किये गये। साथ ही इस मौके पर विभिन्न मंडली एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में विविध आयोजन किये गये। शहर के आजाद वार्ड स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर, इंद्रा वार्ड के शिवालय सहित महादेव पिपरिया, परमहंसी गंगा आश्रम, डमरू घाटी, बरमान के दीपेश्वर महादेव मंदिर, मढ़ के महादेव, लुक्का महादेव में पूरे दिन भगवान शिव का पूजन-अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का

तांता लगा रहा।

मुक्तिधाम में पूजन अर्चन कर शोभायात्रा निकाली

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नकटुआ स्थित मुक्तिधाम में भगवान शिव शंकर की विधिविधान से क्षेत्र के लोगो ने पूजन अर्चन कर शोभायात्रा निकाली। नकटुआ स्थित मुक्तिधाम में भगवान शंकर का अभिषेक व पूजन कर महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास, श्रृद्धा के साथ मनाया गया। उक्त अवसर पर स्थानीय लोगो ने भजन-कीर्तन कर भगवान महाकाल की आराधना की। मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लोगो ने प्रसाद ग्रहण कर महाकाल के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान किया। उक्त अवसर पर क्षेत्रीय लोगो की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

श्री अद्रववनारेशवर मंदिर में हुये विविध कार्यक्रम बुधवार को महाशिव रात्रि पर्व पर नगर के किसानी वार्ड में गणेश मंदिर रोड पर स्थित श्री अद्रववनारेश्वर मंदिर में विविध कार्यक्रम हुये। आयोजन समिति ने बताया कि प्रातरू 7 बजे नरसिंह प्रभात फैरी द्वारा भजन कीर्तन, तदपश्चात महाभिषेक एंव दोपहर में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन व शाम को महाआरती व सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

निकली भोले की बारात

महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को जिले में विभिन्न स्थानो पर शिव बारात निकाली गयी। वहीं श्री नरसिंह यूथ ग्रुप के तत्वावधान में नगर के सिंहपुर चैराहा से निकली शिव बारात शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकली। बारात श्रद्धालु बंधुओं द्वारा बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ बैंड बाजो की मधुर संगीतमय धुन पर नाचते गाते झूमते हुए हर हर महादेव भोलेभंडारी के जयकारों के साथ निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुये।

शुगर मिलों से किसानों का भुगतान कराने की मांग

भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। महाकौशल सुगर मिल बचई और आर आर एग्रो बडगुंआ का सीजन 24 से 24 का भुगतान कराने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने आए किसानों ने बताया कि लगातार ज्ञापन देने के बाद भी इन मिलों ने किसान का भुगतान नहीं किया है। जिसमें महाकौशल शुगर मिल बचई में भुगतान की समस्या आ रही है जो की 14 दिन में भुगतान की बात शासन की नियमानुसार होती रही है एवं इस साल 3 महीने से ऊपर हो गए हैं और मिल बंद होने की कगार पर है फिर भी किसानों का 25 प्रतिशत प्रतिशत भुगतान भी नहीं हुआ। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) बार-बार ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराते आ रहे हैं लेकिन फिर भी प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है और प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि 7 दिन के अंदर बकाया पेमेंट पूरी कर दी जाएगी लेकिन 14 दिन हो गए हैं अभी तक कोई पेमेंट नहीं हुई है। वहीं आर आर एग्रो बडगुआ जो कि अब चतुर्भुज ट्रेनिंग कंपनी नाम से शुरू की गई है उसने किसानों से गन्ना खरीदी की थी और उसमें भी अभी तक कोई भुगतान नही हुआ। किसानों की करीबन 1 करोड़ 40 लाख रुपए रह गया है । भारतीय किसान यूनियन ने मांग की है कि जिन किसानों का पैसा रह गया है उनको तत्काल भुगतान कराया जाए। अगर एक सप्ताह के अंदर किसानों का बकाया भुगतान नही किया जाता है तो भारतीय किसान यूनियन एक बड़ा आंदोलन करने को विवश होगा।

कलेक्टर ने दो परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा हुई प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा गुरूवार से प्रारंभ हुई। कक्षा 10 वीं का प्रथम प्रश्न पत्र हिंदी का रहा। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय उमरिया और तत्पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर नरसिंहपुर में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्राध्यक्ष ने बताया कि शासकीय माध्यमिक विद्यालय उमरिया में बनाये गये परीक्षा केन्द्र में 200 परीक्षार्थियों में से कुल 199 विद्यार्थी मौजूद हैं और एक विद्यार्थी अनुपस्थित है। इसी तरह सरस्वती शिशु मंदिर नरसिंहपुर में बनाये गये परीक्षा केन्द्र में 310 परीक्षार्थियों में से 306 परीक्षार्थी मौजूद हैं और 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित हैं। परीक्षा देकर आए विद्यार्थियों से परीक्षा और प्रश्न पत्र के बारे में पूछा विद्यार्थियों को तनावमुक्त होकर पेपर देने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं देखी और निर्देश दिए कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों का अक्षरशरू पालन करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करायें। उन्होंने निर्देश दिये कि मंडल की परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों की गोपनीयता सुनिश्चित करें।इसी तरह सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने शासकीय सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरवारी में बनाये गये परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित परीक्षा केन्द्राध्यक्ष को सफल एवं निर्विघ्न रूप से परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। इस दौरान यहां किये गये सभी प्रबंधों का भी अवलोकन किया।

ग्राम चिनकी में सम्पन्न हुई आदर्श ग्राम की बैठक

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले के करेली विकासखंड के अंतर्गत आने वाली चिनकी- उमरिया के ग्राम चिनकी में चयनित आदर्श ग्राम संबंधी बैठक मप्र जनअभियान परिषद के तत्वावधान में आयोजित की गई। बैठक में जनअभियान परिषद के पदाधिकारी और ग्रामवासी मौजूद थे। बैठक में आदर्श ग्राम के लिए प्राथमिकता से किये जाने विभिन्न कार्य जैसे नशा मुक्ति, विवाद मुक्त ग्राम, सामाजिक समरसता, संस्कार केन्द्र, जन सूचना केन्द्र, जल संरक्षण, पौधरोपण आदि के संबंध में महत्वपूर्ण विस्तार से चर्चा की गई। इसके पश्चात श्री राम आरण्यक सेवा आश्रम में सामुदायिक सहभागिता से पर्यावरण एवं जल संरक्षण व संवर्धन के लिए खंती निर्माण- कंटूर ट्रेंच, कैटल केनाल एवं पौधरोपण पर विस्तार से चर्चा की गई। उनके संरक्षण व रखरखाव के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में नवांकुर संस्था पिपरहा समन्वयक राधेश्याम मलाह, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चिनकी के लखन सिंह पटेल, हरिराम लोधी, नेतराज लोधी, प्रीतम सिंह धानक, गोविंद यादव, अरविंद यादव, गुलजार पटेल और अन्य सदस्य मौजूद थे।

नौ परीक्षा केंद्रों पर 15 छात्र रहे अनुपस्थित

तेंदूखेड़ा। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार शुरू हो गई है।पहले दिन हिंदी के प्रश्न पत्र में क्षेत्र के सभी नौ परीक्षा केंद्रों में 15 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 1319 परीक्षार्थी शामिल होने थे लेकिन 1304 छात्र शामिल हुये। निर्धारित समय के अनुसार शुरू हुई इस परीक्षा में केंद्रों पर आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के हाईस्कूल के छात्र परीक्षा देने के लिए अपने अपने पालकों के साथ परीक्षा देने पहुंचे। तेंदूखेड़ा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में 02 कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में 04 और देवरी राजमार्ग केंद्र में 05 भामा हाईस्कूल में 01 डोभी में 01 मदनपुर में 02 छात्र अनुपस्थित रहे। जबकि बिल्थारी बिलगुवां चांवरपाठा परीक्षा केंद्रों पर सभी छात्र उपस्थित रहे। दसवीं कक्षा के हिंदी विषय के प्रश्न पत्र को हल करने के बाद बाहर आये छात्रों में उत्साह था पेपर अच्छा जाने की बात कही वहीं केंद्रों पर सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं और बैठने के साथ पीने के पानी की भी उचित व्यवस्था की गई है।

परमपिता परमात्मा के दिव्य अवतरण का पर्व महाशिवरात्रि

तेंदूखेड़ा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तेन्दूखेड़ा में परमात्म स्मृति परमात्मा शिव के पूजन अर्चन के के साथ शिवरात्रि महापर्व का शुभारंभ हुआ। 89 वी त्रिमूर्ति शिवजयंती के उपलक्ष्य में केक कटिंग कर शिवबाबा का बर्थ डे सेलिब्रिट किया। कैंडिल लाइटिंग की परमात्मा शिव का शिव ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने महाशिवरात्रि की बधाई देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पर्व सम्पूर्ण सृष्टि में सर्व आत्माओं के परमपिता परमात्मा देवो के भी महादेव कालों के भी काल महाकाल सर्वधर्म गुरुओं के परम सदगुरू एक मात्र सद्गति दाता परमप्रिय परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का यादगार पर्व है। शिव कल्याणकारी है सदा शिव सदा कल्याणकारी परमात्मा के सभी नाम गुणवाचक व कर्तव्य वाचक होते हैं। परमपिता शिव परमात्मा अन्य किसी को परमात्मा नही कहा जाता। देवी देवतायें है 33 करोड़ है किंतु परमात्मा शिव एक है। शंकर जी ध्यान में मग्न रहते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

नाम सुधार सूचना

मैं राजेश यादव आत्मज श्री भूरा यादव, आयु लगभग 39 वर्ष निवासी-शास्त्री वार्ड करेली बस्ती तहसील करेली जिला नरसिंहपुर म.प्र. शपथपूर्वक कथन करता हूँ, कि मेरा ड्राईविंग लाईसेंस क्रमांक MP49R-2020 0018295 बना हुआ है जिसमें मेरा नाम मिंटू यादव दर्ज है जो कि मेरा घरू नाम है और सामान्य बोलचाल की भाषा में बोला जाता है। मेरा वास्तविक और दस्तावेजी नाम राजेश यादव है जो कि मेरे आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक में दर्ज है। मिंटू यादव एवं राजेश यादव ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे ही हैं। मैं अपने उक्त ड्राईविंग लाईसेंस में भी अपना दस्तावेजी नाम राजेश यादव दर्ज कराना चाहता हूँ जिस हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

नाम सुधार सूचना

मैं साहब लाल काछी आ. श्री दया राम काछी, आयु लगभग 38 निवासी-सुभाष वार्ड करेली तहसील करेली जिला नरसिंहपुर म.प्र. शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा ड्राईविंग लाईसेंस क्रमांक MP49R-2020-0023803 बना हुआ है जिसमें मेरा नाम साहब लाल कुशवाहा दर्ज है। मेरे आधार कार्ड, समग्र आईडी, वोटर कार्ड में मेरा नाम साहब लाल काछी दर्ज है। मेरी मूल जाति काछी व सरनेम कुशवाहा है। साहब लाल कुशवाहा एवं साहब लाल काछी ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे ही हैं। मैं अपने उक्त ड्राईविंग लाईसेंस में भी अपना दस्तावेजी नाम साहब लाल काछी दर्ज कराना चाहता हूँ जिस हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।